## खबर संक्षेप

### भगवान झूलेलाल जी की जयंती मनाई गई



**भुआबिछिया।** नगर में सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल जी का 1058 वा प्रकाश उत्सव ओर जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल जी के तेल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर फूलमाला अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया, और नगर के मध्य स्टॉल लगाकर बाजार आने जाने वाले सभी को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम सिंह राजपाल, यशवंत बजाज, अशोक नानकानी, बंटी बजाज,, बंटी रावलानी, प्रिंस बजाज, हर्ष बजाज, ओर नगर के लोगों का सराहनीय योग्यदान रहा।

### ऑल इंडिया की नौवीं रैंक में उत्तीर्ण हुए अमित सिंह ठाकुर



**मण्डला।** ग्राम खड़देवरा के सुरेंद्र सिंह एवं श्रीमती प्रतिमा ठाकुर के पुत्र अमित सिंह ठाकुर ने अपने परिवार क्षेत्र व जिले को गौरवान्वित करते हुए ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट वन इंजीनियरिंग गेट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर में नौवें स्थान पर उत्तीर्ण हुए हैं। कृषक परिवार के अमित ठाकुर ने 785 /1000 स्कोर अर्जित कर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है उनकी इस सफलता पर परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है शुभचिंतकों द्वारा बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके का दौरा कार्यक्रम

**मण्डला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 22 मार्च को प्रातः 10:30 बजे ग्राम टिकरवारा से मंडला के लिए रवाना होंगी तथा प्रातः 11 बजे मंडला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगी।

## छात्रावासों में सामग्री सप्लाई में करोड़ों का खेल

# भ्रष्टाचार का जरिया बना जेम पोर्टल

*** छात्रावास अधीक्षक बनने लगी होड़।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला में निवासरत आदिवासी वर्ग के बालक-बालिकाओं के शैक्षणिक उत्थान के लिये लगातार प्रदेश की सरकार खुले दिल से पैसा खर्च करती रही है।

पहले के समय में जब छात्रावासों के आभाव में इस वर्ग के बालक-बालिकायें उच्च शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाती थीं एक तो गिनती के छात्रावास हुआ करते थे और दूसरा उनमें व्यवस्थाओं के नाम पर ज्यादा कुछ नहीं होता था।

अब लेकिन स्थिति बदल चुकी है नये-नये छात्रावास जिले में बन चुके हैं और यहां की व्यवस्था भी बहुत ही शानदार बनाई गई है छात्र-छात्राओं के उपयोग हेतु उच्च दर्जे की सुविधा और संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे हैं छात्रावासों में इन सामग्रियों की खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से होती है सरकार की मंशा तो पाक-साफ है लेकिन जिले के अधिकारी इस मंशा का भरपूर लाभ उठा रहे हैं छात्रावासों में जो सामग्री खरीदी जा रही है वह एक तो गुणवत्ताहीन है दूसरी सामग्री सप्लाई की जो प्रक्रिया है वह पारदर्शी नहीं है साथ नियम के विरूद्ध है।



बिना विभागीय अनुमति के सहायक परियोजना समन्वयक की नियुक्ति पर उठे सवाल

अपात्र पर क्यों मेहरबान प्रशासन

* आदेश जारी कर शिक्षा विभाग विवादों में।

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा अभियान, मण्डला

शिक्षकों की अदलाबदली और चयन प्रक्रिया पर सवाल

जनजाति कार्य विभाग की अनभिज्ञता और आपत्ति

प्रशासनिक प्रक्रिया और पारदर्शिता पर उठे सवाल

कहने को तो जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी खरीदी ऑनलाईन हो रही है लेकिन टेंडर प्रक्रिया से लेकर भुगतान तक का गंभीरता से अध्ययन किया जाये तो इस जिले में करोड़ों का खेल किया जा चुका है और यह सब कुछ गिने-चुने अधिकारी एवं व्यापारियों के बीच हो रहा है।

दिखावे के लिये विभिन्न फर्मो की निविदायें तो ली जाती हैं लेकिन ये फर्म कौन सी हैं इनका प्रोपराईटर कौन है कोई नहीं जानता इन्हीं में से जो चहेते व्यापारी की फर्म होती है उसके दाम पहले से ही तय होते हैं सामग्री घटिया सप्लाई होती है लेकिन सत्यापन पूरा कर दिया जाता है न तो पीजीबी अमानत राशि पहले जमा कराई जा रही है और न ही भुगतान के पूर्व भौतिक सत्यापन में ईमानदारी बरती जा रही है।

व्यापारी के लिये निविदा शर्तो का पालन करना कोई आवश्यक नहीं इसके पीछे कारण है कि विभाग के प्रमुख अधिकारी लगातार इन्हें सहयोग करते रहते हैं। पूरी प्रक्रिया इतनी चुपचाप की जाती है कि किसी को कानो-कान खबर भी नहीं होती। बहुत से छात्रावासों में अधीक्षकों से एडवांस में ही भुगतान चैक के माध्यम से ले लिया जाता है और बाद में उन्हें सामग्री सप्लाई की जाती है। बावजूद इसके इन छात्रावासों में अधीक्षक बनने की लोगों में होड़ मची हुई है। भारी-भरकम रकम खर्च करके भी छात्रावास अधीक्षक बनने ये शिक्षक होड़ में लगे हुये हैं।

इन छात्रावासों में व्यवस्था कैसी है, छात्राओं को क्या सुविधा मिल पा रही है और छात्रावासों का वातावरण कैसा है इसके लिये अन्य अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है लेकिन ये नियुक्तियाँ भी नियम विरूद्ध और संदेह के घेरे में है।

लगभग 10 माह पूर्व सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा) की नियुक्ति पर विभिन्न तरह के सवाल खड़े हुये थे इस पद पर जिसकी नियुक्ति की गई वे जनजातीय कार्य विभाग की शिक्षिका थीं अब वे जिला शिक्षा केन्द्र में कार्य कर रही हैं जबकि वेतन जनजातीय कार्य विभाग से ही प्राप्त हो रहा है। यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति थी, संलग्नीकरण था या फिर स्थानांतरण यह आज दिनांक तक स्पष्ट नहीं हो रहा। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह नियुक्ति नियम विरूद्ध की गई थी इसके लिये राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा में जो न्यूनतम अंक प्राप्त करने थे वे इनके द्वारा पूरे नहीं किये गये सिर्फ कलेक्टर के अनुमोदन के आधार पर तत्काल प्रभाव से इनकी नियुक्ति कर दी गई थी इस पर तात्कालीन क्षेत्रीय संयोजक सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कहा गया था कि जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षक होने के कारण विभागीय अनुमोदन लेना आवश्यक होता है बिना अनुमोदन जिला शिक्षा केन्द्र में कार्य करने हेतु जो आदेश निकाला गया है विभाग इसकी जांच करेगा और वैधानिक कार्यवाही करेगा लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही की गई हो यह स्पष्ट नहीं है।

इसके साथ ही तात्कालीन परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा नियुक्ति के संबंध में बताया गया था कि यह व्यवस्था अस्थाई रूप से की गई है कलेक्टर मण्डला के अनुमोदन लेने के बाद यहां जब तक कोई व्यवस्था होती उस समय तक के लिये इन्हें लाया गया है शायद 10 माह बीत जाने के बाद भी व्यवस्था नहीं हो सकी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का बिछिया नगर में हुआ शुभारंभ



*** राममंदिर के सामने एनीकट जलसाय की हुई सफाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाएं, भविष्य संवारें प्रदेश में 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान। जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेशभर में जनभागीदारी से विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा इसी के तहत नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 14 राममंदिर के समीप स्थित एनीकट घाट में साफ सफाई कर जल गंगा अभियान संवर्धन का शुभारंभ भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर किया गया साथ निकाय की वाटर वाडी की साफ-सफाई का कार्य वृह्द स्तर से किया जावेगा जल गंगा अभियान के तहत तृतीय वर्ष हैं जिसमें कुओं, बावड़ियों, नदियों के पुनरुद्धार के अभियान से सभी वर्गों को जोड़ने के लिए स्थानीय निकाय सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया जा रहा हैं। पुराने तालाबों, चेकडैम और स्टॉपडैम की सफाई व मरम्मत होगी, अतिक्रमण हटाया जाएगा और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जाएगा.यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा। इस असवर पर अध्यक्ष नगर परिषद रजनी मरावी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। संस्कार बावरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) ने नगर वासियों से अपील की हैं कि जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्त्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए और अधिक पानी, जल अभाव/अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत, पर्यावरण-संरक्षण को बल और शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## ब्रह्माकुमारीज मंडला द्वारा डिठौरी सालीवाड़ा में कलश यात्रा के साथ कल से शुरू होगा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**मण्डला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मंडला द्वारा ग्राम डिठौरी सालीवाड़ा (हनुमान मंदिर के पास) में 22 मार्च से 28 मार्च तक सात दिवसीय ₹श्रीमद् भागवत प्रवचन माला₹ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इस आध्यात्मिक आयोजन में बी.के. शिवकुमारी बहन जी अपने मुखारविंद से 'श्रीमद भागवत गीता में छुपे अद्भुत रहस्यों' पर प्रकाश डालेंगी। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी, जो आगामी 28 मार्च तक जारी रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत 22 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ की जाएगी, कलश यात्रा दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम स्थल से निकाली जाएगी, जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल में संपन्नहोगी।जिसमें मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उत्साह के साथ सम्मिलित होंगे। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा। इस ज्ञान यज्ञ में मुख्य प्रवचन कर्ता के रूप में बी.के. शिवकुमारी बहन जी शिरकत करेंगी। वे 'श्रीमद भागवत गीता में छुपे अद्भुत रहस्यों' पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में इनके व्यावहारिक महत्व को समझाएंगी। प्रवचन माला के दौरान श्रद्धालुओं को जीवन जीने की कला और ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त करने के मार्ग बताए जाएंगे। प्रवचन माला का मुख्य उद्देश्य जन-मानस को गीता और भागवत के वास्तविक आध्यात्मिक भावों से अवगत कराना है, ताकि जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता का संचार हो सके। समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि आप सभी अपने परिवार, ईष्ट मित्रों सहित इस भागवत गीता प्रवचन में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित हैं।

## घरेलू विवाद में बुजुर्ग की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



थाना टिकरिया अंतर्गत ग्राम हर्राटीकुर में दिनांक 19.03.2026 को रात्रि लगभग 09:30 बजे घरेलू विवाद के दौरान एक व्यक्ति की हत्या की घटना घटित हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा अपने रिश्ते के दादा मुन्नालाल कुलस्ते, निवासी हर्राटीकुर के साथ मारपीट की गई, जिससे उनके गुप्तांग में गंभीर चोट पहुंची और उनकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना पर थाना टिकरिया पुलिस द्वारा दिनांक 20.03.2026 को अपराध बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमित पिता गुल्ले सिंह कुलस्ते, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम हर्राटीकुर थाना टिकरिया जिला मंडला को दिनांक 21.03.2026 को गिरफ्तार किया गया तथा विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडे, उनि पंकज बिष्ट, सउनि नारायण ताराम, प्रआ. अभिषेक मिश्रा, शिवकुमार मरावी, पीयूष यादव, आरक्षक प्रकाश जंघेला एवं दीपक द्विवेदी द्वारा उक्त कार्यवाही की गई।

**आयोजन** | गांवों की तस्वीर बदल देगी विकसित भारत जी राम जी योजना-सांसद श्री कुलस्ते।

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद कुलस्ते

*** मवई में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले के मवई में शनिवार को सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का सफल आयोजन सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की मौजूदगी में किया गया। उन्होंने वीबी जी राम जी योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री पंडित धुर्वे तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मरकाम, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, जिला योजना अधिकारी श्री ओपी सिरसे सहित अन्य अधिकारी मंचासीन रहे।




सांसद श्री कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं आजीविका जैसे क्षेत्रों में समन्वित प्रयासों से ही आकांक्षी ब्लॉकों का वास्तविक विकास संभव है।



सांसद श्री कुलस्ते ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। 'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है।

सांसद श्री कुलस्ते ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय से ही विकास कार्यों को गति मिलती है। सभी संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करने तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मौजूद नागरिकों से कहा कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान के लिए प्रचार गाड़ी का आयोजन

**मण्डला।** समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के ब्मदजतम वित थ्पदंदबपंस स्पजमतंबल, बीजाडांडी के अंतर्गत ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक प्रचार गाड़ी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेष रूप से ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को बैंकिंग सेवाओं, बचत, डिजिटल भुगतान, बीमा, पेंशन योजनाओं तथा सुरक्षित वित्तीय लेनदेन के प्रति जागरूक करना था। प्रचार गाड़ी ने विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों का भ्रमण किया, जहाँ ऑडियो संदेशों, पोस्टर, पंपलेट तथा प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से लोगों को वित्तीय जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान नागरिकों को बैंक खाता खोलने, एटीएम एवं यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। समर्पित संस्था की टीम द्वारा उपस्थित नागरिकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## मंडला में फसल विविधीकरण को मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिला में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से अब किसान पारंपरिक खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ तिलहन फसलों की ओर भी रुख कर रहे हैं। विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन (जायद) फसल के लिए किसानों को मूंगफली और तिल के बीज उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे खेती को अधिक लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**जन शिक्षण संस्थान, मण्डला (म. प्र.)**

( कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार) Reg. No. 04/19/01/09446/06

कार्यालय पता - स्टेट बैंक के पीछे, आशियाना कालोनी, ज्वालाजी वार्ड, महराजपुर, मण्डला (म. प्र. ) 481661

Mob. 7828043422, 8960542654 Email-jssmandla@yahoo.co.in

**आवश्यकता है**

जन शिक्षण संस्थान, मण्डला (म.प्र.) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित एक परियोजना है। जिसका कार्यकाल 31 मार्च 2026 तक है सत्र 2026-27 के लिए इस परियोजना के मंत्रालय द्वारा बढाये जाने की प्रत्याशा में निम्नलिखित पद हेतु योग्य अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है। मंत्रालय द्वारा स्कीम को ना बढाये जाने की दशा में यह विज्ञप्ति निरस्त मानी जायेगी।

| सं | पदनाम | पद | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम अधिकारी | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से परास्नातक डिग्री, सामाजिक कार्य एवं कौशल विकास क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव। |
| 2 | सहायक कार्यक्रम अधिकारी | 02 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री एवं, कौशल विकास क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव। |
| 3 | क्षेत्र सहायक | 03 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री एवं कौशल विकास क्षेत्र में 02 वर्ष का अनुभव। |
| 4 | कम्प्यूटर आपरेटर सहलिपिक | 03 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक एवं कम्प्यूटर डिग्री (हिन्दी व इंग्लिश टाइपिंग में दक्षता)। |
| 5 | भृत्य सह ड्राइवर | 01 | कक्षा 08वीं उत्तीर्ण एवं ड्राइविंग लाइसेन्स। |

यह नियुक्ति 1 वर्ष के लिए पूणतः अस्थायी होगी, प्रथम 3 माह समीक्षा के बाद कार्य संतोषजनक पाए जाने पर आगामी माह के लिए बढाया जा सकता है। वेतन: उक्त सभी पदो के लिए जन शिक्षण संस्थान मार्गदर्शिका के अनुसार होगा पद क्रमांक 01 से 03 तक के पास स्वयं का वाहन होना चाहिएं अभ्यर्थी की उम्र 21 से 50 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन तथा बॉयोडाटा सहित अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक 28 मार्च 2026 तक बायोडाटा ईमेल आई.डी. - jssmandla@yahoo.co.in पर या कार्यालय जन शिक्षण संस्थान, आशियाना कालोनी ज्वालाजी वार्ड, भारतीय स्टेट बैंक के पीछे, महराजपुर, मण्डला (म.प्र.) पिन कोड - 4816165 में प्रस्तुत करें।

दिनांक: 21/03/2026

निदेशक
जन शिक्षण संस्थान, मण्डला

**खबर संक्षेप**

## यूरोप से आए दंपति ने नवरात्रि पर भारतीय वेशभूषा में मां नर्मदा का किया दर्शन



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पावन नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा उद्गम मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर यूरोप से आए एक दंपति ने भारतीय परंपरागत वेशभूषा धारण कर श्रद्धा-भाव से दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। दंपति ने मंदिर पहुंचकर चंदन का तिलक लगवाया और विधिवत मां नर्मदा जी के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धापूर्वक माथा टेककर प्रणाम किया तथा मंदिर में प्रज्वलित ज्योति कलश के समक्ष लगभग 15 मिनट तक एकाग्र होकर निहारते हुए भाव-विभोर होकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान दंपति ने इशारों और अंग्रेजी भाषा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें अमरकंटक नगर अत्यंत सुंदर लगा तथा यहां का मौसम भी बहुत सुहावना है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा और अमरकंटक के बारे में उन्होंने दिल्ली और बनारस में सुना था, जिसके बाद यहां आने की इच्छा हुई। दंपति ने मध्यप्रदेश एवं अमरकंटक के लोगों की सराहना करते हुए उन्हें बेहद सरल और सहयोगी बताया। दर्शन के दौरान वे "हर हर महादेव" और "नर्मदे हर" का उद्घोष भी करते रहे, जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरौध में बालिकाओं ने उत्साह से कराया एचपीवी टीकाकरण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भारत में संचालित किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत खमरौध में उत्साह के साथ लक्षित बालिकाओं ने एचपीवी टीकाकरण कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरौध में टीकाकरण कार्य की मॉनिटरिंग के लिए पहुंचे महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते तथा प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी पुष्पराजगढ़ डॉ आरके वर्मा ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें एचपीवी टीकाकरण के महत्व के संबंध में जानकारी दी।

## सामतपुर तालाब परिसर का सफाई कार्य हुआ प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर पालिका अनूपपुर अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सामतपुर तालाब परिसर मे जमी गाजर घास के साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। सामतपुर तालाब परिसर को कचरा मुक्त करने के लिए आसपास के लोगों को स्वच्छता संबंधी जागरूकता का संदेश देते हुए उनसे स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।

## मजदूर कांग्रेस की मांग पर जल्द बनाया जाएगा ब्रेकर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर ने सहायक मंडल अभियंता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे शहडोल ब्रजेश कुमार पाण्डेय को एक लिखित ज्ञापन दिया की अनूपपुर पश्चिम दिशा में बने न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी एवं रेलवे गुड्स सेड के बीच से बने नए सीसी रोड में दो पहिया और चार पहिया वाहन काफी तेज गति से निकल रहे हैं।

# खरमेर नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर की कार्ययोजना के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय स्थित खरमेर नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल विकास विद्या मंदिर से खरमेर नदी तक निकाली गई कलश यात्रा से हुई। इसके बाद नदी घाट पर पहुंचकर विधिवत पूजन अर्चन किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ।परिषद के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रथम चरण 19 मार्च से 27 मार्च तक ब्लॉक के सभी प्रस्फुटन ग्रामों में आयोजित किया जाएगा। इस चरण में प्रभात फेरी कलश यात्रा भूमि पूजन वृक्ष पूजन जल स्रोत पूजन मानस पाठ भजन संध्या दीपमाला देवी गीत संकीर्तन आरती तथा जल मंदिर स्थापना जैसे कार्यक्रम होंगे।

द्वितीय चरण 28 मार्च से 4 जून तक संचालित होगा। इस दौरान मुख्य एवं सहायक नदियों पर सामूहिक श्रम साधना नदी अनुभूति ध्यान योग जल चौपाल जल संवाद जल स्रोत संरक्षण हेतु समर्पित व्यक्तियों का सम्मान तथा नारा लेखन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।तृतीय चरण 5 जून से 30 जून तक चलेगा। इसमें बावड़ियों की साफ सफाई रंग रोगन साज सज्जा रंगोली सांस्कृतिक संध्या बावड़ी किनारे संगोष्ठी जल संरक्षण हेतु समर्पित व्यक्तियों का सम्मान तथा नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे।सभी कार्यक्रम स्वैच्छिकता सामूहिकता और जन सहयोग के आधार पर आयोजित किए जाएंगे। इनका संचालन प्रस्फुटन समितियों तथा ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। कलश यात्रा और जल स्रोत पूजन कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अमरपुर के कार्यकर्ता जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नवांकुर संस्था के सदस्य मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता छात्र छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## डिंडोरी में सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव

**डिंडोरी।** नगर में सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। नर्मदा गंज स्थित सिंधी समाज गुरुद्वारा में दोपहर 12 बजे विधि विधान से पूजन पाठ और भोग साहब का आयोजन किया गया।दोपहर 1 बजे से विशाल लंगर का आयोजन हुआ जिसमें समाज के लोगों के साथ नगरवासियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। शाम 6 बजे भगवान झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए विजय लॉज जगदंबा मंदिर भारत माता चौक पहुंची और वहां से मां नर्मदा तट तक गई।नर्मदा तट पर पूजन अर्चन कर समाज की सुख समृद्धि के लिए अरदास की गई। इस अवसर पर पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।शोभा यात्रा में समाज के अध्यक्ष पहलाद राय सहित गगनदास राजपाल सुरेश केशवानी महेश गोगिया अशोक राजपाल राजकुमार केसवानी लालचंद राजपाल राजकुमार चावला हरि छेतिजा श्याम प्रकाश केसवानी सतीश गोगिया रमेश राजपाल तथा नव युवक मंडल के सदस्य और समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# डिंडोरी में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**डिंडोरी।** जिले में मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम खुरपार और ग्राम जुनवानी विकासखंड डिंडोरी में किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बालिकाएं महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सविता धार्वे ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित संबल और सामर्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह के सामाजिक स्वास्थ्य और कानूनी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है और यह कानूनन दंडनीय अपराध है।कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सेवाओं के साथ महिला हेल्पलाइन नंबर 181 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन 7828195167 की जानकारी दी गई ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।अंत में सभी उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने और समाज में इसके उन्मूलन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक कमला मरावी भी उपस्थित रहीं।

# डिंडोरी में हाईवे निर्माण पर सवाल, लोक अदालत ने जारी किए सख्त नोटिस



**डिंडोरी।** जिले में बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। निर्माण कार्य में तकनीकी गड़बड़ियों, मानकों की अनदेखी और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर लोकउपयोगी लोक अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है।यह मामला जिला व्यापारी संघ डिंडोरी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सम्यक जैन और के.के. सोनी ने अदालत को बताया कि हाईवे निर्माण कार्य स्वीकृत डीपीआर, भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।बताया गया कि करीब 5,315 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे कुंडम–शहपुरा, शहपुरा–डिंडोरी, डिंडोरी–सागर टोला–कबीर चबूतरा, डिंडोरी–मंडला और समनापुर–बाजाग मार्गों में कई तकनीकी खामियां सामने आई हैं। सड़क पुनर्निर्माण के दौरान पूरी सड़क को हटाने के बजाय केवल ऊपरी बिटुमिनस परत को हल्का हटाकर काम पूरा दिखाया जा रहा है, जो तय मानकों का उल्लंघन है।इसके अलावा, स्लैब कल्वर्ट और छोटे पुलों के पास एप्रोच हिस्सों में असमान धंसाव (डिफरेंशियल सेटलमेंट) देखा गया है, जिससे वाहनों के गुजरने पर झटके लगते हैं और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। सड़क की ज्योमेट्रिक प्रोफाइल, वर्टिकल कर्व, सुपर एलिवेशन और ड्रेनेज सिस्टम भी मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिसके कारण सामान्य गति पर भी यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक अदालत ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर के कार्यपालन यंत्री तथा डिंडोरी के कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी को नोटिस भेजकर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।अगली सुनवाई में निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी अनुपालन, निगरानी व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस हस्तक्षेप से जिले में चल रहे हाईवे निर्माण कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

# मौहारी में शिक्षक पर गंभीर आरोप ग्रामीणों ने की जांच और स्थानांतरण की मांग



**डिंडोरी।** जिले के समनापुर जनपद अंतर्गत ग्राम मौहारी में पदस्थ एक शिक्षक के खिलाफ ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सरपंच और पंचों द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में शिक्षक पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर युवकों को पुलिस मामलों में फंसाने का आरोप लगाया गया है।आवेदन के अनुसार माध्यमिक शाला मौहारी में पदस्थ शिक्षक तुलीराम बघेल ने गांव के छह युवकों संतोष कमल यादव शिवकुमार यादव सोन सिंह जगदीश और प्रेम सिंह के खिलाफ थाना समनापुर में मारपीट का मामला दर्ज कराया। ग्रामीणों का कहना है कि कमल यादव पिछले तीन वर्षों से केरल में कार्यरत है और घटना के समय गांव में मौजूद नहीं था फिर भी उसका नाम रिपोर्ट में शामिल किया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी संतोष के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया गया था और बिना समुचित जांच के चालान पेश कर दिया गया। मामले को लेकर गांव में दो बार पंचायत बुलाई गई लेकिन संबंधित शिक्षक ने बुलावे के बावजूद पंचायत में शामिल होने से इनकार कर दिया।शिकायत में यह भी कहा गया है कि शिक्षक अक्सर शराब के नशे में स्कूल पहुंचते हैं और पढ़ाई के बजाय टोना टोटका और झाड़ फूंक जैसे कार्यों में लिप्त रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार 26 जनवरी 2026 को घेवरी में नशे की हालत में उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हुई थी और उसी घटना के आधार पर युवकों पर झूठा मामला दर्ज कराया गया।ग्रामीणों ने आशंका जताई कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में अन्य युवकों को भी इसी तरह परेशान किया जा सकता है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों और गवाहों की मौजूदगी में कराई जाए।ग्राम पंचायत मौहारी की सरपंच कमलवती और पंचों महासिंह लालाराम शिवकुमार मनीराम मगर बिहारीलाल प्रभासिंह और सुनीता मरावी ने सर्वसम्मति से शिक्षक के स्थानांतरण की मांग की है ताकि गांव में शांति और सौहार्द बना रहे। ग्रामीणों ने इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग और पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# एक अप्रैल को स्कूलों में प्रवेशोत्सव नव प्रवेशियों का होगा स्वागत




**डिंडोरी।** जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ एक अप्रैल को सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नव प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा तथा विशेष भोज का आयोजन भी होगा।जिला शिक्षा केंद्र की जिला परियोजना समन्वयक श्वेता अग्रवाल ने बताया कि प्रवेशोत्सव के दिन शिक्षक नए विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे और वरिष्ठ छात्र कनिष्ठ छात्रों को विद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। एक अप्रैल से ही सभी विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।


प्रत्येक विद्यालय में इस दिन विशेष बाल सभा का आयोजन होगा जिसमें अभिभावकों को नामांकन उपस्थिति और शैक्षणिक कार्ययोजना की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शासन के नवीन निर्देशों पर भी चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक बच्चे का कक्षा पहली में नामांकन अनिवार्य किया गया है। 30 सितंबर 2026 तक छह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का नामांकन मार्च माह में ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 और आंगनबाड़ी केंद्रों से संभावित विद्यार्थियों की सूची प्राप्त की जाएगी।सत्र 2025-26 में समग्र आईडी के आधार पर चाइल्ड वाइज ट्रैकिंग और यू डाइस में विद्यार्थियों का अद्यतन कर उन्हें अगली कक्षा में पदोन्नत किया गया है। इस प्रक्रिया में शाला से बाहर बच्चों की पहचान की गई है जिन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी।एक अप्रैल से छात्रावासों का संचालन भी शुरू किया जाएगा। सत्र 2026-27 में छात्रावासों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू करने की तैयारी है जिसके लिए शीघ्र ही विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। साथ ही समग्र आईडी और यू डाइस के माध्यम से विद्यार्थियों की निरंतर निगरानी कर शाला से बाहर बच्चों की पहचान की जा रही है।

# करंजिया में जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभ



**डिंडौरी।** आकांक्षी विकासखंड करंजिया के ग्राम पंचायत जाड़ासुरंग में जल गंगा संवर्धन अभियान का जनपद स्तरीय भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी रही।कार्यक्रम की शुरुआत अमृत सरोवर में महात्मा गांधी भारत माता और मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया और हितलाभ वितरण किया गया।डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। वर्षा जल संचयन और अमृत सरोवर तथा चेक डैम जैसे कार्यों से गर्मी के मौसम में जल संकट कम किया जा सकता है और कृषि तथा ग्रामीण जीवन को मजबूती मिलेगी।

जनपद अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है और इस अभियान को हर गांव तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अमृत सरोवर में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विकासखंड के विभिन्न विकास सूचकांकों को समय सीमा में पूरा करने पर भी चर्चा की गई ताकि जल स्तर में सुधार लाया जा सके।कार्यक्रम का संचालन नीति आयोग से हरिश विश्वकर्मा ने किया और उन्होंने कहा कि यह अभियान जल संरक्षण के साथ साथ ग्रामीण विकास और सतत भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## शाहपुर में जनसैलाब ने तालाब जीर्णोद्धार में किया श्रमदान

**डिंडौरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर जनपद डिंडोरी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्र होकर तालाब जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान किया। ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर तालाब की सफाई की तथा जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति संकल्प लिया।कार्यक्रम के बाद वी बी जीरामजी अधिनियम पर जनसंवाद कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें उपस्थित ग्रामवासी मेट सचिव सरपंच और ग्राम रोजगार सहायकों को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिंडोरी प्रमोद ओझा ने कार्यशाला में रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी वन विभाग और ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी जनप्रतिनिधि तथा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी चमरू सिंह नेताम जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार सदस्य हीरा रुद्रेश परस्ते सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मेहंदवानी विकासखंड के बूथ सेक्टर सुरजपुरा-पगनिया में बसपा की बैठक आयोजित



शहपुरा

डिण्डौरी जिले के विकास खण्ड मेहंदवानी अंतर्गत बूथ सेक्टर सुरजपुरा-पगनिया में बहुजन समाज पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह आरमो के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस दौरान सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में स्थानीय समस्याओं, जनसंपर्क अभियान तथा सदस्यता विस्तार पर भी विशेष जोर दिया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### सवा सौ साल पुराना इतिहास है सिंह बाहिनी का



**तेंदूखेड़ा-** शक्ति की साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व आस्था उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भोर की किरण फूटने से पूर्व और सूर्य अस्त होने के बाद देर रात्रि तक माता रानी की पूजन अर्चन से लेकर देवी जस गीतों के माध्यम से संपूर्ण क्षेत्र में देवी मय वातावरण बना हुआ है।नगर के बीच लगभग 125 साल से भी अधिक समय से मां सिंह बाहिनी देवी जी का मंदिर स्थित है जिसे पोकरदास जी पालीवाल ने सिंहवाहिनी मंदिर और एक घाट का निर्माण करवाया था। तभी से इस मंदिर में मां भगवती की विशेष पूजन जारी है। यहां पर शारदीय और चैत्रीय नवरात्रि में श्रद्धालु बड़ी दूर से से पहुंचा करतें हैं।अखंड ज्योति के साथ जवारे कलश की स्थापना के अलावा विशेष पूजन अर्चन हुआ करता है।तिथी के अनुसार पंचमी पर चंदेवा एवं अष्टमी तिथि पर हवन पूजन हुआ करता है। अष्टमी तिथि पर पूजन हेतु दूर दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। तथा आस्था विश्वास रखने वाले श्रद्धालुओं की यहां से हर मुराद पूरी हुआ करती है। माता रानी के दरबार में प्रतिदिन संगीतमय आरती एवं भगते देवी जस देवी की प्रस्तुति से देवी मय वातावरण बना हुआ है।

### श्री राम महायज्ञ एवं रामकथा 24 मार्च से

**तेंदूखेड़ा** चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक आयोजन चल रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट बिल्थारी में दादा धाम आश्रम हनुमान मंदिर बिल्थारी में श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन 24 मार्च विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू होने जा रहा है।2 अप्रेल तक चलने वाले इस आयोजन में पं हरिओम रावत वृन्दावन धाम के द्वारा कथा का वर्णन किया जायेगा। तथा प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समीति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### रेशम केंद्र के समीप मिला शव फैली सनसनी

**तेंदूखेड़ा** शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच ढिलवार तिराहे पर स्थित रेशम केंद्र के सामने तरफ मदनपुर निवासी भल्लु ठाकुर नामक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। तथा घटना कैसे घटित हुई के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। गौरतलब रहे कि मृतक का 22 वर्षीय बालक अरुण ठाकुर भी पिछले 15 दिनों से घर से बिना बताए लापता है। जिसकी भी गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

## नकुल नाथ के मंच से उतरते ही मारपीट ......

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने क्यों साधी चुप्पी......

### आखिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विवाद का कैसे होगा अंत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान हुआ विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता चन्द्र प्रकाश यादव द्वारा पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस के विधान प्रत्याशी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके इशारे पर गुंडो द्वारा मारपीट की गई। ज्ञात हो कि कांग्रेस द्वारा रानी अवंती बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिस दौरान कार्यकर्ताओं की आपस मे मारपीट हुई थी लेकिन विवाद अब बढ़ता नजर आ रहा है। वही दूसरे पक्ष द्वारा कोई प्रतिक्रिया नही दी गई। लेकिन पत्रकारवार्ता के दौरान चन्द्र प्रकाश यादव की तबियत बिगड़ गई और पत्रकारों द्वारा सीआरपी देकर निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया।

### लाखन सिंह पटैल पर लगाए आरोप

पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश यादव द्वारा बताया गया कि लाखन सिंह पटेल ने कपिल ठाकुर, दया लोधी और जितेन्द्र लोधी के साथ मिलकर मेरे साथ धक्का-मुक्की और गाली देकर मारपीट की। साथ ही मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे श्री यादव ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भविष्य में मेरे साथ कोई घटना घटित हुई तो इसके जिम्मेदार लाखन सिंह पटेल होंगे। श्री यादव ने बताया कि 20 मार्च को कांग्रेस नेता एवं छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस द्वारा वीरांगना रानी अवंतीबाई को लेकर कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद श्री नाथ ने संक्षिप्त उद्बोधन देने को कहा और जब लाखन सिंह पटैल उद्बोधन दे रहे थे तभी मुख्य अतिथि नकुलनाथ के कहने पर मैने लाखन सिंह पटैल को संक्षिप्त उद्बोधन देने की बात की। इस पर वो आक्रोशित होकर अपशब्द कहने लगे किन्तु यह बात यहां खत्म हो गई।




### सरेआम गुंडागर्दी का लगाया आरोप

कार्यक्रम समापन के बाद जैसे ही मुख्य अतिथि और अन्य वरिष्ठ नेता मंच से उतरने लगे तभी लाखन सिंह पटेल और उनके साथी मेरे साथ धक्का-मुक्की कर मारपीट करने लगे। वहां मौजूद कुछ लोगों और पुलिस ने हस्तक्षेप कर मुझे बचाया। घटना की रिपोर्ट भी मैने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। श्री यादव ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई और बड़े संत महात्मा महापुरूष किसी जाति के नही होते वरन वे हम सबके लिए सम्मानीय और आदर्श हैं। पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और सामाजिक कार्यक्रमों में विशेष योगदान देने वाले लोधी समाज के अनेक लोगों को सम्मानित भी किया गया। श्री यादव ने पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता इस घटना

### लाखन सिंह पटेल व उनके साथियों पर लगाया आरोप

से दुखी हैं और मेरे साथ हैं और मैं कांग्रेस नेतृत्व से लाखन सिंह पटैल के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी करता हूं। क्योंकि जिले में ऐसा कभी राजनैतिक कार्यक्रमों में नही हुआ कि सरेआम गुंडागर्दी की गई हो। भविष्य में इससे नरसिंहपुर का राजनैतिक वातावरण बिगड़ेगा। श्री यादव ने यह भी आरोप लगाया कि 2013 में लाखन पटेल ने कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ खुलेआम काम किया था। अब नरसिंहपुर क्षेत्र के लोगों को यह सोचना है कि वे क्या चाहते हैं।

### पत्रकारवार्ता के दौरान बिगड़ी तबियत

शुक्रवार को कांग्रेस द्वारा रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट को लेकर चंद्रप्रकाश यादव द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर जानकारी तथा लाखन सिंह पर आरोप लगाए। पत्रकारवार्ता पूर्ण होने के उपरांत गिर पड़े और अचेत हो गए मौके पर उपस्थित पत्रकारों द्वारा उन्हे तत्काल सीआरपी देकर निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया। फिलहाल स्वास्थ्य बताया गया। लेकिन विचारणीय है कि इतने बड़े आयोजन के दौरान इस प्रकार की घटना होना कांग्रेस के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। जिनके द्वारा मारपीट की गई वह भी कांग्रेस के समर्थक है यदि को बात थी तो बैठकर बात कराना जरूरी था लेकिन मारपीट करना शर्मनाक है। वही मंच पर बैठे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा चुप्पी साधना भी सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि इस विवाद का अंत कैसे होता है। क्या लाखन सिंह पटेल माफी मांगेगे या दोषियों पर प्रशासनिक कारवाई होगी।

## नगर करार महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर करार महिला मंडल का गठन किया गया।पूर्व कार्यकारिणी के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यकारिणी गठित की गयी। होटल अमर पैलेस में अध्यक्ष पद पर सरिता राय, उपाध्यक्ष रेणु जायसवाल ,सचिव रिंकी राय, कोषाध्यक्ष कामिनी राय को सुशोभित किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। सभी नये पदाधिकारियों ने समाज हित में कार्य करने की शपथ ली और पूर्व पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनसे सहयोग करते रहने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन स्वाति जायसवाल ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभा राय द्वारा तैयार की गयी।संरक्षक आरती राय, अर्चना राय को घोषित किया गया। पूर्व अध्यक्ष प्रीति राय द्वारा आभार व्यक्त करते हुए श्री कार्यकारिणी से उनसे भी अधिक बढ़-चढ़ कर अच्छे अच्छे कार्य करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर नीता राय, पुष्पा राय, रत्ना राय, रुबी राय सभी ने अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। संरक्षक अर्चना राय ने विदेश में रहते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम को संपन्न एवं सफल बनाने के लिए स्वाति जायसवाल, प्रतिभा राय को धन्यवाद दिया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते 6 दिनों से समाजसेवी व जागरूक नागरिकों तथा पत्रकारों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर थाना कोतवाली के पास धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। 6 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा सुध नहीं ली जा रही है। उक्त संबंध मे धर्मेंद्र लोधी द्वारा बताया कि हमारी मांग है कि प्रशासन द्वारा जन सामान्य की शिकायतों पर कार्रवाई नही की जाती जबकि प्रशासन को नियमों के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए। यदि प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया तो धरना के स्वरूप में विस्तार किया जावेगा। धरने पर सालिकराम राजपूत, पवन कुशवाहा, संजय मेहरा, गोविंद चैरसिया, अभय बानगात्री सहित अन्य बैठे हुए है।



### 9 वषीय बालिका की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस 9 वर्षीय बच्ची की अचानक तबियत बिगड़ गई। पुलिस ने बताया कि दीक्षा पिता अनिल ठाकुर उम्र 9 वर्ष निवासी समनापुर थाना सुआतला की घर पर अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### अज्ञात कारणों से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज अर्तगत कारण कारणों से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोजराज पटेल पिता डिल्ली सिंह पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी चीलाचैन खुर्द की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क दुर्घटना मे दो की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम बकोरी के पास हुई सड़क दुर्घटना मे दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि देवेंद्र पटेल पिता विजय कुमार किरार उम्र 35 वर्ष एवं प्रहलाद पिता लोचन धानक उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी मानेगांव थाना सुआतला को अज्ञात वाहन द्वारा बकोरी के पास टक्कर मार दी गई। जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## नरसिंह आनंद क्लब हुआ सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में जिला कलेक्टर के अनुमोदन पर नरसिंहपुर में संचालित नरसिंह आनंद क्लब को जिले में प्रथम स्थान पर सम्मानित किया गया। नरसिंह आनंद क्लब की अध्यक्ष मुक्ति राय, मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र चंदेल, आनंदक शशिकांत मिश्र, सत्यम नेमा और अमित नामदेव ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष भर की गई आनंद विभाग के निर्देशानुसार गतिविधियों को पूरे जिले के विभिन्न स्थानों नगर और ग्रामों में संचालित की। कार्यक्रम में म.प्र. राज्य आनंद संस्थान से मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष गुप्ता, निर्देशक सत्य प्रकाश आर्य, समस्त राज्य आनंद संस्थान टीम सहित हरिद्वार से स्वामी मधुसूदन महाराज, भारतीय नैतिक चरित्र निर्माण दिल्ली से स्वामी रामकृष्ण गोस्वामी, हैदराबाद से सुब्रमण्यम शंकर जी सहित अपने व्याख्यान से आनंदकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम आर. सी. व्ही. पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित किया गया।

## प्रशासनिक मुस्तैदी से सुलभ हुई ईद की नमाज, जताया आभार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को सम्पूर्ण जिले मे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई। 30 दिनों के माह ए पाक रमजान के बाद जब चांद दिखता है, तो ईद की तस्दीक होती है। जिसे लोग ईद उल फितर के नाम से जानते हैं। इस दिन लोग ऊपर वाले से खुशी और अमन, चैन की दुआ करते हैं। कहते हैं, ईद अल्लाह से लेने का दिन होता है, इस दिन मुस्लिम समाज के लोग एक साथ नमाज पढ़ते हैं। अगर किसी को एक दूसरे से कोई गिला शिकवा होता है, तो गले मिलकर उसे दूर करते हैं, साथ ही अमन का पैगाम भी शहर की फिजाओं में छोड़ते हैं। कहा जाता है, रोजे रखने से व्यक्ति के अंदर जो बदलाव आता है, उसका नतीजा ये होता है, कि वह व्यक्ति न सिर्फ अपने बल्कि समाज के लिए भी बेहतर करने की सोचता है। एक हदीस में आया है, कि हजरत मुहम्मद साहब जब शव्वाल ईद के चांद को देखते, तो कहते, ऐ मेरे रब इस चांद को अमन ओ चैन फरमा। ईद के बाद रोजेदारों के रोजा पूर्ण हो जाते है। खुशियों और भाईचारे के पर्व ईद-उल-फितर के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के बाद ईदगाह कमेटी नरसिंहपुर ने जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। कमेटी के सदस्यों ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि ईद की नमाज के दौरान नमाजियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम बेहद सराहनीय रहे। ईदुल फितर की तैयारियों और प्रशासन के माकूल इंतजामात को लेकर ईदगाह कमेटी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगरपालिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हर साल की तरह इस साल भी प्रशासन ने जो ईदगाह में नमाजियों के लिए जो बेहतर व्यवस्था व सुरक्षा दी है उसके प्रति ईदगाह कमेटी उनका आभार मानती है।

### 11 जुआरियों से एक लाख बीस हजार जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज पुलिस द्वारा जुआरियों पर कार्रवाई करते हुए 11 जुआरियों से एक लाख बीस हजार रुपए नकद एवं ताश के पत्ते व अन्य जुआ सामग्री जप्त की गई। पुलिस ने बताया कि विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि सिंधी कॉलोनी क्षेत्र अंतर्गत रोड पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप 11 जुआरियों को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी है। जिनसे एक लाख बीस हजार रूपए नकद एवं ताश के पत्ते व अन्य जुआ सामग्री जब्त की गई। आरोपी दीपक बाधवानी, जयकुमार वाधवानी, सुमित कुमार माखीजा, कोमल प्रसाद चौधरी, विक्की उर्फ बिवेक मोटबानी, रमेश कुमार कुकरेजा, अजय वाधवानी, किशन मोटवानी, कपिल धनवानी, जितेन्द्र साधवानी, हरीश माखीजा सभी निवासी नरसिंहपुर। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक द्वारा किराये के मकान पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार जशीन उस्मानी पिता मोहम्मद हैदर उस्मानी उम्र 32 वर्ष निवासी छोटी बजरिया गढ़ा जबलपुर थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत किराए के मकान मे रहता था जहां पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली, जिसका कारण अभी अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### चार युवकों को पकड़ा जांच पड़ताल जारी

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** शनिवार को थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत इतवारा बाजार के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे चार युवकों को पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये युवक बाजार क्षेत्र के पास देखे गए, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों को उन पर संदेह हुआ और उन्होंने उन्हें रोककर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी युवकों को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ के लिए थाना ले गई । सभी युवकों से गहन पूछताछ जारी है।

## गोटेगांव में चोरों का आतंकः पंचायत भवन और बर्फ फैक्ट्री को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

### लगातार वारदातों से बढ़ी दहशत, पुलिस पर उठ रहे सवाल

**गोटेगांव।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बीते कुछ समय से चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे सार्वजनिक भवनों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।पंचायत भवन में लाखों की चोरी ग्राम रामनिवारी से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बगासपुर में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन के ताले तोड़कर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। सरपंच सुधीर पटेल के अनुसार चोरों ने कार्यालय से कई कीमती उपकरण चुरा लिए, जिनमें शामिल हैं— 2 एलईडी टीवी (42 इंच) इन्वर्टर और बैटरी साउंड सिस्टम कंप्यूटर एवं स्कैनर 2 स्टैंड पंखे रिसीवर इन सभी सामानों की कुल कीमत लगभग 1 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।ग्रामीणों में इस घटना के बाद असुरक्षा का माहौल है, क्योंकि इससे पहले रामनिवारी के जैन मंदिर में भी लाखों की चोरी हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

### बर्फ फैक्ट्री में चोरी, CCTV में कैद आरोपी



नगर के गांधी वार्ड (किसानी मोहल्ला) में स्थित अजय बढ़ैया की बर्फ फैक्ट्री में भी चोरी की घटना सामने आई है। फैक्ट्री संचालक ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।घटना 20 मार्च की सुबह करीब 4:45 बजे की बताई जा रही है, जिसमें चिन्ना मेहरा नामक व्यक्ति चोरी करते हुए कैमरे में कैद हुआ है। चोरी गए सामान में शामिल हैं— गैस सिलेंडर तांबे के पाइप तांबे की फिटिंग बर्फ-कुल्फी से संबंधित अन्य सामग्री कुल नुकसान लगभग 1.5 लाख रुपये आंका गया है। संचालक के अनुसार आरोपी पिछले 2–3 दिनों से लगातार चोरी कर रहा था। पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि— पुलिस छोटे मामलों में सक्रिय रहती है लेकिन संगठित अपराधों पर नियंत्रण में नाकाम साबित हो रही है नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरियों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

## 45 दिन में एक बार मिलेगा गैस सिलेंडर

### उपभोक्ताओं की लगी लंबी कतारें

**तेंदूखेड़ा। इन दिनों चल रहे ईरान अमेरिका के युद्ध को लेकर लगभग डीजल पेट्रोल से लेकर रसोई गैस को लेकर समस्या बनी हुई है।भले ही शासन प्रशासन किसी भी प्रकार की कोई समस्या की बात कह रहा है लेकिन रसोई गैस केंद्रों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें समस्या का स्वयं प्रमाण दे रही है।** हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में शासन ने 25 दिन बाद रिफिलिंग का फरमान जारी किया था अब 45 दिन में एक बार रिफिलिंग के आदेश आते ही उपभोक्ता परेशान देखा जा रहा है।गैस सिलेंडर केंद्र पर बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर भरवाने के लिए गिड़गिड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। केंद्र संचालक का कहना है कि रिफिलिंग को लेकर आनलाइन व्यवस्था है इसमें स्वयं स्टिम ही 45 दिन बाद अगली रिफिलिंग के लिए अगली तारीख बता देता है। जरुरत मंदों को पूर्व में घर बैठे ही गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाया करती थी।किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुआ करती थी लेकिन अब इस किल्लत को देखते हुए उपभोक्ता परेशान बनें हुए हैं।

